डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

स्वच्छता सप्ताह (21-26) फरवरी

विषय: "जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरूकता एवं प्रतियुष्टि अभियान"

दिनांक: 24/2/2022

डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के द्वारा स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत आज दिनांक 24/2/22 को सम्पादित की जाने वाली गतिविधियों के अंतर्गत "जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरूकता एवं प्रतिपुष्टि अभियान चलाया गया।

इस कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय से प्रातः 11:00 बजे से किया गया। जिसमें महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी सम्मिलित थे।

स्वच्छता अभियान से संबंधित प्रतिपुष्टि प्राप्त करने कार्य स्थान करमेता का ग्रामीण क्षेत्र का चयन किया गया जिसमें हम सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी अलग-अलग ग्रुप में बँटकर स्वच्छता से संबंधित गली एवं मोहल्लों में जाकर फीडबैक प्राप्त किया।

इस फीडबैक फार्म में दो वर्ग थे - एक वर्ग वृद्धजन द्वारा वर्ग - युवा वर्ग।

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of Education Karmeta, Jabalpur

सर्वप्रथम मानसी राठौर ने देवी प्रसाद ठाकुर के घर जाकर अपना परिचय दिया और उनसे स्वच्छ जागरूकता अभियान से संबंधित प्रश्न किये। प्रश्नों के उत्तर से प्रतीत हो रहा था कि स्वच्छता की एक कदम की ओर हम सबने अपना कदम बढ़ा दिया है।

बापू जी का सपना था कि स्वच्छ भारत सुखद भारत। इस सपने को साकार करने का बीड़ा हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा स्वच्छता की ओर एक कदम का दृढ़ संकल्प लिया है। आज समय आ गया है हम इस अभियान से जुड़कर इसको कारगर बनायें।

स्वच्छता कार्ड बैंक के दो कार्डों से मिलकर स्वच्छता से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई एवं सूखा कचरा एवं गीला कचरा के खाद प्रक्रिया को भी बताया गया कि आप किचन के गीले कचरे को जैसे - फल, सब्जियों के छिलके, कॉफी या चायपत्ती जैसे किचन के कचरे को एकत्रित कर किसी बाल्टी, ड्रम, मिट्टी का गमला आदि में डालें। सूखा कचरा में सूखी पत्तियाँ, नारियल के छिलके जैसे सूखे कचरे को इकट्ठा करके गीले कचरे में मिलाएँ। यह नमी को कंट्रोल करता है, आदि जैविक तरीके से डीकम्पोज होते हैं

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of
Education Karmeta, Jabalpur

तब स्वाद बनाती है। और बताया कि यह प्रक्रिया घरों में प्रारम्भ करनी चाहिए। जिससे हम पर्यावरण को स्वच्छ रख सकें। सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों के द्वारा अपने आसपास के समुदाय के लोगों से भी फीडबैक प्राप्त किया गया। उनसे स्वच्छता से संबंधित प्रश्न किये गये। जिसमें से पहले

पहला वर्ग का प्रश्न स्वच्छता से संबंधित प्रश्न - (वृद्धजन वर्ग)

① क्या आप अपने शहर को पहले से ज्यादा साफ सुथरा पाते हैं - (हाँ)

② क्या आप नगर निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली डोर-टू डोर कचरा संग्रहण सेवाओं से संतुष्ट हैं। - (जी हाँ)

दूसरा वर्ग ⇒ **युवा वर्ग** से भी स्वच्छता से संबंधित प्रश्न किया गया - युवा वर्ग - (15-29)

① क्या आपके घर से प्रतिदिन कचरा एकत्र किया जाता है। (हाँ)

② क्या क्या आप अपने कचरा संग्रहकर्ता को अलग-अलग कचरा (गीला और सूखा) देते हैं। (नहीं) एक साथ देते हैं।

③ क्या आप अपने आस-पड़ोस के क्षेत्र को हमेशा साफ-सुथरा पाते हैं। (हाँ) पहले की अपेक्षा अभी साफ पाते हैं।

स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दोनों वर्गों से मिलकर स्वच्छता संबंधी फीडबैक प्राप्त किया और होम कंपोस्ट की जानकारी भी प्रदान की गई। इस गतिविधि को सफल बनाने का श्रेय महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों

एवं समुदाय के नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान था।

वृद्धाजन से प्राप्त फीडबैक / युवा वर्ग से प्राप्त फीडबैक (करमेता)

1. देवी प्रसाद ठाकुर
2. सोने लाल - 60 वर्ष
3. श्रीमति लक्ष्मी रैदास - 37 वर्ष
4. हरि शंकर चौधरी - 42 वर्ष
5. डॉ. रोहिणी गुप्ता - 27 वर्ष
6. अनीता चौधरी - 42 वर्ष
7. बिन्दवती - 63 वर्ष
8. मंजू सोनी - 25 वर्ष
9. प्यारी बाई जैन - 68 वर्ष
10. कविता राठौर - 22 वर्ष
11. अंजना जैन - 60 वर्ष
12. अमर खान 58 वर्ष
13. आशीष चौहान - 63 वर्ष
14. कबीर राठौर - 21 वर्ष
15. अलका राजपूत / 60 वर्ष
16. राहुल शर्मा 28 वर्ष
17. मधु चौधरी - 62 वर्ष
18. मीना डोंगरे 24 वर्ष

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of Education Karmeta, Jabalpur

Dr. Radhakrishnan College of Education

"करमेता ग्राम में फीड बैक एकत्रित करते हुए नी. एड. प्रशिक्षणार्थी"

जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरूकता अभियान एवं फील्ड वर्क भ्रमण

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of Education Karmeta, Jabalpur

जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरुकता एवं प्रतिपुष्टि अभियान

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of Education Karmeta, Jabalpur

डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

स्वच्छता सप्ताह (21-26 फरवरी)

विषय: स्वच्छता रंगोली प्रतियोगिता

दिनांक: 22/2/22

डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के द्वारा स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत आज दिनांक 22/2/2022 को **स्वच्छता रंगोली प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। स्वच्छता सप्ताह अभियान अपने आप में एक अनुठा अभियान है।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 12 बजे से किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी शिक्षक गण भी उपस्थित थे। इ स्वच्छता सप्ताह प्रतियोगिता का उत्साह केवल विद्यार्थियों में ही नहीं शिक्षकों में भी दिखा। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बी.एड, एम.एड एवं डी.एल.एड के विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह एवं लगन के साथ भाग लिया।

स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत इस प्रतियोगिता का आयोजित करने का मुख्य लक्ष्य है, प्रत्येक समाज का नागरिक अपने घर, आँगन, सड़क, आसपास का वातावरण

स्वच्छ रहेगा। तो पूरा देश ही स्वच्छ रहेगा। इस स्वच्छता सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य अपने आसपास की साफ-सफाई रखना एवं यह कार्य आप अपने घर से कर सकते हैं। कचरा को कचरा पात्र में डाले, इसके अलावा सरकार ने कचरा डालने वाली गाड़ी दी है। उसका प्रयोग करें। अपने घर के आस-पास की नालियों को साफ रखें। इस रंगोली प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता से संबंधित रंगोली बनाई जिसमें सभी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का बेखुबी से प्रदर्शन किया। रंगोली के माध्यम से स्वच्छ भारत का संदेश दिया।

दिव्या लोधी ने रंगोली के माध्यम से बताया कि एक कदम स्वच्छता की ओर का संदेश दिया। वही श्वेता सोनी के द्वारा सुखा और गीला कचरा कचरा पात्र में डाले। सभी विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से स्वच्छता पर अपने विचार रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत किये।

"बापू का एक ही सपना
स्वच्छ और सुंदर हो भारत अपना"

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of
Education Karmeta, Jabalpur

डॉ॰ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

स्वच्छता रंगोली प्रतियोगिता

दिनांक 22/02/2022

डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

रंगोली प्रतियोगिता

न्यू आकांक्षा शिक्षा सिमिति द्वारा

"अंध–मूक बधिर दिवस में शैक्षिक भ्रमण का आयोजन "

न्यू आकांक्षा शिक्षा सिमिति द्वारा अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु समय–समय पर विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाते है। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए आज दिनांक 26/09/2023 को संस्था द्वारा मूक–बधिर दिवस के उपलक्ष्य में एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया। संस्था द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से प्रत्यक्ष संपर्क कर उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने खुलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। "जस्टिस तन्खा मेमोरियल रोटरी इंस्टीट्यूट फॉर स्पेशल चिल्ड्रन में संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों को उपहार स्वरूप कलरर्स, पेंसिल, रबर ड्रांइग सीट पेंटिग किट आदि चीजें प्रदान की गई। बच्चों से मिलकर सभी शिक्षकों व प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों को एक नया अनुभव प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में संस्था के शिक्षकों व सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्स लिया। संस्था की प्राचार्या द्वारा दिव्यांग बच्चों को उपहार एवं शुभकामना संदेश दिया गया। सभी बच्चे भी बहुत उत्साहित थे।

Dr Radhakrishnan
college of Education

Dr. RadhaKrishnan College of Education

स्वामी विवेकानंद जयंती
निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता

विषय - " स्वामी विवेकानंद आधुनिक भारत के महान नवोन्मेष समाजसुधारक दार्शनिक एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत एवं आदर्श "

दिनांक : 12/01/18

12 दिसम्बर स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में डॉ. राधा कृष्णन् कॉलेज ऑफ एजुकेशन के तत्वावधान में निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध का विषय " स्वामी विवेकानंद आधुनिक भारत के महान दार्शनिक समाजशास्त्र एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत।

इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर "उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक अपने लक्ष्य तक न पहुँच जाओ। इन्हीं विचारों के साथ अपनी प्रतिभा पोस्टर एवं निबंध के माध्यम से प्रस्तुत की।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संचालक श्री अभिषेक चौबे, श्रीमति कृष्णा चौबे एवं प्राचार्या डॉ. संस्था सोनी जी एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण श्रीमति ज्योति शुक्ला श्रीमति समता तिवारी श्रीमति सुधा जोशी श्रीमति स्वाति श्रीवास्तव श्रीमति मनीषा मोनी, शुभी शर्मा, श्रीमति अमिता उविास आदि उपस्थित थे।

इस प्रतियोगिता को आयोजित करने का उद्देश्य - युवाओं को स्वामी विवेकानंद के प्रेरणास्त्रोत एवं सकारात्मक विचार तथा अनमोल वचनों से परिचित कराना था, ताकि नई युवा पीढ़ी सही मार्ग की ओर अग्रसर हो सके। और देश की उन्नति में अपना योगदान दे सके।





निबंध प्रतियोगिता -
प्रथम स्थान -
द्वितीय स्थान -
तृतीय स्थान -
निर्णायक मंडल
श्रीमति कृष्णा चौबे
निर्णायक मंडल
कार्यक्रम प्रभारी

स्वामी विवेकानंद जयन्ती

12 - 1 - 2018

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of
Education Karmeta, Jabalpur

डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

विषय : स्वच्छता जागरूकता अभियान
"पेंटिंग"

दिनांक: 26/2/2022

डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के तत्वाधान में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय की दीवारों व सार्वजनिक स्थानों पर पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने वाला चित्र बनाये गये।

जिसमें घरों के आसपास साफ-सफाई रखने, डस्टबिन में कचरा डालने, शौचालय का उपयोग करने, पौधारोपण करने, अन्य प्रकार की चित्रों की पेंटिंग बनवाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता का संदेश दीवारों पर लिखवाकर महाविद्यालय द्वारा आम नागरिकों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत अपने आप में एक अनूठी मुहिम है। जिसमें सभी विद्यार्थियों की सहभागिता आवश्यक है, जो कि परिलक्षित हो रही है,

PRINCIPAL
Radhakrishnan College ... Jabalpur

विद्यार्थियों द्वारा सभी को चित्रकला द्वारा स्लोगन द्वारा लोगों को गंदगी एवं कचरा सड़क एवं नदी में न फेंकने के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

स्वच्छता सप्ताह मनाने का मुख्य कारण आसपास साफ सफाई रखना, लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया है,

विद्यार्थियों द्वारा लिखे गये स्लोगन बहुत ही प्रेरणादायक है, जो कि निम्नलिखित है -

"युवा शक्ति है मन पर भारी
चलो करो स्वच्छ भारत की तैयारी"

चित्रकला एवं स्लोगन बनाने वाले विद्यार्थियों का नाम (कु) अपर्णा नामदेव, मानसी राठौर, कृतिका जैन, पूजा श्रीवास्तव आयुषी अग्रवाल, नंदिनी, आंचल प्रसाद इत्यादि विद्यार्थियों की सहभागिता थी।

" डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन
जबलपुर

स्वच्छता जागरूकता अभियान
वॉल पेंटिंग

26/02/2022

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of
Education Karmeta, Jabalpur

डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन
करमेता, जबलपुर
नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता 21-1-2020

"स्वाद्य पदार्थों में मिलावट हेतु आमजन की भागीदारी"

डॉ राधाकृष्णन कॉलेज में आज दिनांक को शुद्ध के लिए युद्ध अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक के माध्यम से मिलावटी चीजों से बचने का संदेश दिया। प्रतियोगिता शुरू होने से पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती डॉ भावना खोनेजी ने कहा कि खानपान की चीजों में हो रही मिलावट से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब तक आम लोग जागरूक नहीं होंगे। तब तक मिलावट करने वाले लोग कार्यवाही से बचते रहेंगे। अतः खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध हमें आवाज उठानी चाहिए।

प्रतियोगिता का प्रारंभ प्रातः 11 बजे महाविद्यालय के संचालक श्री अभिषेक जी जी तथा प्राचार्या श्रीमती डॉ भावना खोनेजी की अध्यक्षता में किया गया। शुद्ध के लिए युद्ध अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत "स्वाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने हेतु आमजन की भागीदारी" विषय पर डॉ राधाकृष्णन कॉलेज में नुक्कड़ नाटक का आयोजन करते हुए छात्रों ने तथा प्राध्यापकों ने मिलावट के प्रति अधिकाधिक संख्या में लोगों को जागरूक करने तथा जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। और जन-जन में यह संदेश

फैलाने का प्रयास किया कि और यह संदेश देने का प्रयास किया कि, खाद्य पदार्थों में मिलावट की शंका होने पर खाद्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर उपभोक्ता फोरम में जाकर अपने अधिकार के लिए लड़ना चाहिए। तथा मिलावट से सावधान रहने के लिए हम सभी को प्रयत्न करना चाहिए। हमें फास्ट फूड एवं जंक फूड, स्ट्रीट फूड से बचना चाहिए। हमें स्वाद की अपेक्षा पौष्टिकता को अधिक महत्व देना चाहिए। तथा विभिन्न ऋतुओं के आधार पर भोजन सामग्री को महत्व दिया जाना चाहिए। सरकार मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाने और विक्रय करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के लिए संकल्पित है। मध्यप्रदेश को मिलावट मुक्त प्रदेश बनाने के लिए सरकार यह अभियान चला रही है। इस अभियान के द्वारा मिलावटखोरों के खिलाफ और जहर रूपी मिलावट के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत मिलावटखोरों के काले कारोबार को बंद कराने का प्रयास किया गया।

इस नुक्कड़ नाटक की समयसीमा 10 मिनट रखी गई। छात्रों ने अधिकाधिक संख्या में अपनी भागीदारी दिखाई। मिलावट जैसी समस्याएं गंभीर रूप लेती जा रही है। और इसका शिकार विद्यार्थी और युवा वर्ग विशेषतौर पर हो रहा है। क्योंकि युवावर्ग एवं विद्यार्थी प्रायः जंक फूड का सेवन करते हैं। और खाद्यपदार्थों में मिलावट

हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि मिलावट करने वालों के खिलाफ आवाज उठाएंगे। सरकार द्वारा मिलावटखोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सम्मिलित होकर कानून के प्रावधानों को और सशक्त बनाने के साथ निगरानी तंत्र को मजबूत करना चाहिए। और मिलावट के आतंक को रोकने के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे।

प्रतियोगिता के अंत में इस प्रतियोगिता में विजयी छात्रों की घोषणा की गई। प्रथम स्थान डी.एड. के रवि पटेल द्वितीय स्थान नीतू जायसवाल (बी.एड चतुर्थ सेमेस्टर) तथा तृतीय स्थान पूजा तिवारी (बी.एड चतुर्थ सेमेस्टर) के छात्र छात्राओं ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को प्राचार्या जी ने शुभकामनाएँ दी और सफलतापूर्वक कार्यक्रम का समापन किया गया।

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of
Education Karmeta, Jabalpur

शुद्ध के लिए 'युद्ध' अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नुक्कड़ - नाटक प्रतियोगिता 22-1-2020

डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

"विश्व एड्स दिवस"

जागरूकता रैली 1-12-18

आज दिनांक 1-12-18 को को डॉ राधाकृष्णन कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। तथा इन विद्यार्थियों के साथ न्यू ज्योति हायर सेकेंडरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र भी उपस्थित हुए। इसके अलावा महाविद्यालय तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकगण तथा अन्य सदस्यों ने भी इस रैली में भाग लिया। तथा इस विशाल रैली को सफल बनाने में अपना योगदान देते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि, विश्व एड्स दिवस प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है। और प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन करमेता जबलपुर में इस अवसर पर विशाल रैली लोगों को जागृत करने हेतु निकाली गई।

इस जागरूकता रैली का आरंभ प्रातः 10 बजे किया गया। प्रातः 8.30 बजे महाविद्यालय में समस्त विद्यार्थी अपनी महाविद्यालयीन वेशभूषा में एकत्र हुए। समस्त विद्यार्थियों के हाथों में एड्स जागरूकता हेतु विभिन्न पोस्टर तथा स्लोगन थी। प्रातः 9 बजे समस्त विद्यार्थी श्रृंखलाबद्ध होकर महाविद्यालय प्रांगण में खड़े हुए और

"जन जन का यह ही नारा, एड्स मुक्त हो देश हमारा"
"हमने अब यह ठाना है, एड्स को जड़ से मिटाना है"

इन नारों को लगाते हुए एक पंक्ति में एकत्र हुए। और अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर जागरूक युवा का परिचय एड्स के बचाव के प्रति जागरूकता का संदेश लोगों तक पहुँचाने में अपना योगदान दिया।

प्रातः 10 बजे महाविद्यालय के संस्थापक श्री अभिषेक चौबे जी, प्राध्यापिका श्रीमती डॉ. भावना खरे जी तथा महाविद्यालय की संस्थापिका और विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कृष्णा चौबे जी की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम संस्थापक श्री अभिषेक चौबे जी ने समस्त महाविद्यालय के छात्रों को उद्बोधित करते हुए कहा कि, वैसे तो विश्व एड्स दिवस के दिन हर वर्ष कई सारे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं लेकिन इन कार्यक्रमों का असली अर्थ तब सार्थक होगा जब लोगों तक इसका संदेश पहुँचेगा। आज विश्व एड्स दिवस की यह 30 वीं वर्षगांठ है। इस रैली का मुख्य उद्देश्य इस बीमारी से ग्रसित लोगों को इसके इलाज और रोकथाम के विषय में प्रेरित करना है। तथा समाज में इस रोग से ग्रसित व्यक्तियों को भी समाज में उचित सम्मान दिलाने की आवश्यकता है। ताकि वे सामान्य व्यक्तियों की तरह अपना जीवन यापन कर सकें। पूरे विश्व में बेहतर जागरूकता के लिए वक्ताओं और प्रदर्शकों द्वारा रैलियाँ तथा विद्यालयों और महाविद्यालयों में लाल रिबन आशा के चिन्ह के रूप में बाँटे जाते हैं।

उपाय है। सतर्कता और सुरक्षा ही इस का उपाय है। अतः हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी को स्वयं भी सतर्क रहना चाहिए और लोगों को भी इस लाइलाज बीमारी के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए इस तरह इस कार्यक्रम की सफलती अभी तब सार्थक होगा जब लोगों तक हमारा संदेश पहुँचेगा लोग इस रोग से बचाव के बारे में जानेंगे तथा स्वयं भी जागरूक रहेंगे। इस तरह सभी छात्र छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं और प्राध्यापकों के सहयोग से इस रैली का समापन सफलतापूर्वक समापन किया गया।

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of
Education Karmeta, Jabalpur

डॉ. राधाकृष्णन कालेज
ऑफ एजुकेशन
आपका हार्दिक अभिनंदन करता है।

पोस्टर प्रतियोगिता
World Aids Day (poster competition

EXPERIENTIAL
LEARNING
(Practice
Teaching)

CRAFT

DR. RADHAKRISHNAN COLLEGE OF EDUCATION - 2018



"वृक्ष लगाओ, अपना जीवन सुखी बनाओ"

"आओ मिलकर वृक्ष लगाऐं, जीवन में खुशहाली लाऐं"

वृक्षों की उपयोगिता व महत्व को बताने के लिऐ तथा वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिऐ आज दिनांक 25/7/18 को डॉ० राधाकृष्णन् कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की स्थायिका, प्राचार्या महोदया, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित समस्त छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा अपने पोस्टर, स्लोगन और भाषण के प्रदर्शन से लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। महाविद्यालय की स्थायिका और प्राचार्या जी डॉ० श्रीमती भावना सोनेजी द्वारा वृक्ष लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मध्य में छात्राओं द्वारा स्लोगन तथा पोस्टर का प्रदर्शन करते हुऐ भाषण के माध्यम से वृक्षों की उपयोगिता को बताया।

इसके अलावा पोस्टर प्रतियोगिता में

DR. RADHAKRISHNAN COLLEGE OF EDUCATION - 2018

वृक्षारोपण कार्यक्रम 2018

"वृक्ष लगाओ, अपना जीवन सुखी बनाओ"

"आओ मिलकर वृक्ष लगाऐं, जीवन में खुशहाली लाऐं"

वृक्षों की उपयोगिता व महत्व को बताने के लिऐ तथा वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिऐ आज दिनांक 25/7/18 को डॉ० राधाकृष्णन् कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की स्थायिका, प्राचार्या महोदया, समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं सहित समस्त छात्र - छात्राओं ने भाग लिया तथा अपने पोस्टर, स्लोगन और भाषण के प्रदर्शन से लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। महाविद्यालय की स्थायिका और प्राचार्या जी डॉ० श्रीमती भावना सोनेजी द्वारा वृक्ष लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मध्य में छात्राओं ने स्लोगन तथा पोस्टर का प्रदर्शन करते हुऐ भाषण के माध्यम से वृक्षों की उपयोगिता को बताया।

इसके अलावा पोस्टर प्रतियोगिता में

बी॰एड॰ एवं डी॰एड॰ के विद्यार्थियों
वृक्षारोपण से संबंधित चार्ट एवं पो
का प्रदर्शन



शैक्षिक रुचि प्रपत्र



डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन